# INTERMEDIATE EXAMINATION – 2023 (ANNUAL)

Sub. Code - 106/206/125/224 **HINDI (Compulsory)**

**समय : 03 घंटा 15 मिनट** **हिन्दी (अनिवार्य)** **पूर्णांक :– 100**

**Time: 03 Hrs. 15 Minutes** **Full Marks : 100**

**I.Sc. & I.Com.**

**कुल प्रश्नों की संख्या : 100+6 = 106**

**Total no. of Questions : 100+6 = 106**

***परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :–***

1. परीक्षार्थी OMR उत्तर–पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक (10 अंकों का) अवश्य लिखें।
2. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
3. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।
4. प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।
5. यह प्रश्न पुस्तिका दो खण्डों में है, **खण्ड–अ** एवं **खण्ड–ब**।
6. खण्ड–अ में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनमें से किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। 50 से अधिक प्रश्नों के उत्तर देने पर प्रथम 50 प्रश्नों का ही मूल्यांकन होगा। प्रत्येक के लिए 1 अंक निर्धारित है। इनका उत्तर देने के लिए उपलब्ध कराये गये OMR उत्तर–पत्रक में दिये गये सही विकल्प को नीले/काले बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। किसी भी प्रकार के ह्वाइटनर/तरल पदार्थ/ब्लेड/नाखून आदि का OMR उत्तर–पत्रक में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।
7. खण्ड–ब में कुल 6 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के समक्ष अंक निर्धारित हैं।
8. किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।



BiharboardQuestionpaper.com

## खण्ड–अ

## (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से कोई एक सही है। इन 100 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के अपने द्वारा चुने गये सही विकल्प को OMR उत्तर–पत्रक पर चिह्नित करें। (50 x 1 =50)

1. लेखक बालकृष्ण भट्ट का दो खण्डों में एक निबंध संग्रह प्रकाशित है, उसका नाम क्या है ?

(A) रहस्य कथा (B) नूतन ब्रह्मचारी

(C) भट्ट निबंधमाला (D) गुप्त वैरी

2. 'सुखमय जीवन' किस लेखक की रचना है ?

(A) जयप्रकाश नारायण (B) चन्द्रधर शर्मा गुलेरी

(C) मलयज (D) उदय प्रकाश

3. लहना सिंह को गोली कहाँ लगी थी ?

(A) सिर में (B) हाथ में

(C) जाँघ में (D) पेट में

4. जयप्रकाश नारायण शिक्षा प्राप्ति के लिए अमेरिका कब गए ?

(A) 1924 ई0 में (B) 1921 ई0 में

(C) 1928 ई0 में (D) 1922 ई0 में

5. जयप्रकाश नारायण ने राजनीति में करप्शन का कारण किसे बताया है ?

(A) चुनाव का खर्चा (B) महँगाई

(C) चोरी (D) गरीबी



BiharboardQuestionpaper.com

6. रामधारी सिंह दिनकर की पहली कविता किस वर्ष प्रकाशित हुई ?

(A) 1920 ई0 में (B) 1925 ई0 में

(C) 1927 ई0 में (D) 1926 ई0 में

7. जैन धर्म का वह सम्प्रदाय जो वस्त्रहीन जीवनचर्या स्वीकार करता है, उसे क्या कहते हैं ?

(A) श्वेताम्बर (B) नीलाम्बर

(C) दिगंबर (D) पीताम्बर

8. 'शेखर एक जीवनी' नामक उपन्यास कितने भाग में लिखा गया है ?

(A) तीन (B) पाँच

(C) चार (D) दो

9. लेखक जैनेन्द्र कुमार की रचना 'त्यागपत्र' का अंग्रेजी अनुवाद किसने किया ?

(A) भगत सिंह ने

(B) जे0 कृष्णमूर्ति ने

(C) सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन अज्ञेय ने

(D) मलयज ने

10. 'रोज' शीर्षक पाठ में मालती के पिता ने मालती को कितने पेज रोज पढ़ने को कहा ?

(A) चार (B) दस

(C) पाँच (D) बीस

11. लाला लाजपत राय के सहयोगी कौन थे ?

(A) भगत सिंह के पिता और चाचा (B) भगत सिंह के दादा

(C) भगत सिंह के मामा (D) भगत सिंह के नाना



BiharboardQuestionpaper.com

12. 'साम्यवाद' के जन्मदाता कौन थे ?

(A) प्लेटो
(B) कार्ल मार्क्स
(C) अरस्तू
(D) निकोलस

13. जगदीशचंद्र माथुर की रचना 'शारदीया' का प्रकाशन किस वर्ष किया गया ?

(A) 1956 ई० में
(B) 1958 ई० में
(C) 1959 ई० में
(D) 1957 ई० में

14. 'धाँगड़' शब्द का अर्थ ओरॉव भाषा में क्या है ?

(A) कैदी
(B) भाड़े का मजदूर
(C) शक्तिशाली
(D) इनमें से कोई नहीं

15. किसके आग्रह पर गाँधीजी ने चम्पारन जाना स्वीकार किया ?

(A) दीनदयाल पाठक
(B) शंभुनाथ मिश्र
(C) राजकुमार शुक्ल
(D) शिववचन शुक्ल

16. लौरिया नंदनगढ़ के सिंह स्तम्भ का निर्माण किसने करवाया था ?

(A) चन्द्रगुप्त मौर्य ने
(B) अजातशत्रु ने
(C) बिंबिसार ने
(D) सम्राट अशोक ने

17. लेखक मोहन राकेश के पिताजी का नाम क्या था ?

(A) करमचंद गुगलानी
(B) रामजतन गुगलानी
(C) शंकर गुगलानी
(D) रामजी गुगलानी

18. लेखक मोहन राकेश किस युग के प्रमुख कथाकार एवं नाटककार थे ?

(A) अठारहवीं शती के
(B) उन्नीसवीं शती के
(C) बीसवीं शती के उत्तरवर्ती युग के
(D) सत्रहवीं शती के



BiharboardQuestionpaper.com

19. 'सिपाही की माँ' शीर्षक पाठ में धन्नो कितने वर्ष की है ?

(A) चौदह वर्ष (B) तेरह वर्ष

(C) पंद्रह वर्ष (D) सोलह वर्ष

20. 1959 ई0 – 1960 ई0 में नामवर सिंह किस विश्वविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर थे ?

(A) पटना विश्वविद्यालय में (B) बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में

(C) सागर विश्वविद्यालय में (D) भागलपुर विश्वविद्यालय में

21. ''मितकथन में अतिकथन से अधिक शक्ति होती है।'' – यह पंक्ति किस शीर्षक पाठ की है ?

(A) जूठन (B) रोज

(C) शिक्षा (D) प्रगीत और समाज

22. लेखक ओमप्रकाश वाल्मीकि को 'जयश्री' सम्मान से कब सम्मानित किया गया ?

(A) 1996 ई0 में (B) 1995 ई0 में

(C) 1994 ई0 में (D) 1993 ई0 में

23. 'हँसते हुए मेरा अकेलापन' शीर्षक पाठ के अनुसार सुरक्षा कहाँ है ?

(A) रात्रि में (B) दोपहर में

(C) सूरज की रोशनी में (D) घर में

24. अनेक धारावाहिकों और टी0 वी0 फिल्मों के स्क्रिप्ट निम्न में से किसने लिखा है ?

(A) बालकृष्ण भट्ट (B) चन्द्रधर शर्मा गुलेरी

(C) जयप्रकाश नारायण (D) उदय प्रकाश

25. 'तिरिछ' शीर्षक पाठ में एस0 एच0 ओ0 का वैवाहिक जीवन कितने साल का था ?

(A) तेरह साल (B) बीस साल



BiharboardQuestionpaper.com

(C) चौदह साल (D) सत्रह साल

26. निम्न में से कौन परंपरित शिक्षा प्रणाली से असंतुष्ट थे ?

(A) भगत सिंह (B) जे0 कृष्णमूर्ति

(C) बालकृष्ण भट्‌ट (D) उदय प्रकाश

27. 'आ, ई, ऊ' क्या है ?

(A) ह्रस्व स्वर (B) मूल स्वर

(C) दीर्घ स्वर (D) द्विगुण व्यंजन

28. 'मुक्ताक्षर' की अंतिम ध्वनि क्या होती है ?

(A) व्यंजन (B) युग्मक

(C) संपृक्त (D) स्वर

29. 'आविष्कार' का संधि–विच्छेद क्या होगा ?

(A) आविः + कार (B) आ + विष्कार

(C) आवि + ष्कार (D) आविष्का + र

30. 'अनुस्वार' की ध्वनि प्रकट करने के लिए लिपि चिह्न के उपर क्या लगाया जाता है ?

(A) ँ (चन्द्र बिंदु) (B) ं (बिंदु)

(C) ः (विसर्ग) (D) , (कौमा)

31. 'ठ' का उच्चारण–स्थान क्या है ?

(A) कंठ (B) तालु

(C) मूर्द्धा (D) ओष्ठ

32. निम्न में से शुद्ध शब्द कौन है ?

(A) जगरनाथ (B) छत्रछाया



BiharboardQuestionpaper.com

(C) श्रीमान (D) संवाद

33. द्वंद्व समास में पदों के बीच कौन चिह्न लगता है ?

(A) योजक चिह्न (–) (B) प्रश्नवाचक चिह्न (?)

(C) उद्धरण चिह्न (“ ”) (D) विस्मयादिबोधक चिह्न (!)

34. 'कावेरी' नदी कौन संज्ञा है ?

(A) जातिवाचक (B) द्रव्यवाचक

(C) व्यक्तिवाचक (D) भाववाचक

35. 'निर्माण' शब्द कौन लिंग है ?

(A) स्त्रीलिंग (B) उभयलिंग

(C) पुंलिंग (D) इनमें से कोई नहीं

36. 'भीख' शब्द क्या है ?

(A) तत्सम (B) देशज

(C) विदेशज (D) तद्भव

37. 'नाला' शब्द का स्त्रीलिंग रूप क्या है ?

(A) नाली (B) नालिन

(C) नलिनी (D) नालीक

38. 'में' किस कारक का विभक्ति चिह्न है ?

(A) संबोधन (B) अधिकरण

(C) संबंध (D) करण

39. 'वाक्य' में क्रिया का फल जिस पर पड़ता है', उसे क्या कहते हैं ?

(A) करण (B) संप्रदान



BiharboardQuestionpaper.com

(C) कर्म (D) अपादान

40. 'छत से उतरी हुई लता' – किस कारक का उदाहरण है ?

(A) संप्रदानकारक (B) अपादानकारक

(C) संबंधकारक (D) अधिकरणकारक

41. हिंदी में कुल कितने सर्वनाम हैं ?

(A) चौदह (B) तेरह

(C) ग्यारह (D) बारह

42. 'जो कमाएगा वही खाएगा।' – किस सर्वनाम का उदाहरण है ?

(A) प्रश्नवाचक सर्वनाम (B) अनिश्चयवाचक सर्वनाम

(C) निजवाचक सर्वनाम (D) संबंधवाचक सर्वनाम

43. 'वह लड़का' किस विशेषण का उदारहण है ?

(A) सार्वनामिक विशेषण (B) गुणवाचक विशेषण

(C) संख्यावाचक विशेषण (D) परिमाणबोधक विशेषण

44. जिस शब्द से किसी काम का करना या होना समझा जाए, उसे क्या कहते हैं ?

(A) कर्म (B) क्रिया

(C) कर्त्ता (D) कारक

45. 'वह खाता है।' – किस काल का उदाहरण है ?

(A) भूतकाल (B) भविष्यतकाल

(C) वर्तमानकाल (D) इनमें से कोई नहीं

46. अव्यय के कितने भेद होते हैं ?

(A) तीन (B) चार



BiharboardQuestionpaper.com

(C) पाँच
(D) सात

47. रचना अथवा बनावट के अनुसार शब्द के कितने प्रकार हैं ?

(A) दो
(B) चार
(C) तीन
(D) छः

48. 'शब्दांश' कितने प्रकार के होते हैं ?

(A) दो
(B) चार
(C) पाँच
(D) सात

49. 'निर्वाह' शब्द में उपसर्ग क्या है ?

(A) नि
(B) निर्वा
(C) निर्
(D) निव

50. 'भिड़ंत' शब्द में प्रत्यय क्या है ?

(A) त
(B) डंत
(C) ड़त
(D) अंत

51. 'आनंद' शब्द का विशेषण क्या है ?

(A) आनंदित
(B) आनंदन
(C) अवनंदन
(D) इनमें से कोई नहीं

52. जिस समास में अंतिम पद प्रधान होता है, उसे कौन समास कहते हैं ?

(A) अव्ययीभाव समास
(B) कर्मधारय समास
(C) तत्पुरूष समास
(D) द्विगु समास

53. 'धर्माधर्म' कौन समास है ?

(A) बहुव्रीहि समास
(B) द्विगु समास



BiharboardQuestionpaper.com

(C) कर्मधारय समास (D) द्वंद्व समास

54. 'ध्यान में मग्न साधक' – यह किस पदबंध का उदाहरण है ?

(A) विशेषण–पदबंध (B) संज्ञा–पदबंध

(C) सर्वनाम–पदबंध (D) क्रिया–पदबंध

55. अर्थ की दृष्टि से वाक्य के कितने भेद होते हैं ?

(A) सात (B) आठ

(C) पाँच (D) नौ

56. सूर्योदय होने पर कुहासा जाता रहा' – यह कौन वाक्य है ?

(A) संयुक्त वाक्य (B) मिश्र वाक्य

(C) सरल वाक्य (D) इनमें से कोई नहीं

57. निम्नलिखित में शुद्ध वाक्य कौन है ?

(A) इस बात के कहने में किसी को संकोच न होगा।

(B) उसने 'निवेदिता' शीर्षक कविता लिखी गई थी।

(C) साहित्य और जीवन का अभिन्न संबंध है।

(D) वकीलों ने कागजात का निरीक्षण किया।

58. 'कुबेर' शब्द का पर्यायवाची क्या होगा ?

(A) सदन (B) मघवा

(C) दैत्य (D) धनद

59. 'आत्मा' शब्द का विलोम क्या है ?

(A) परमात्मा (B) अपमान

(C) प्रतिलोम (D) नास्तिक

BiharboardQuestionpaper.com



BiharboardQuestionpaper.com

60. 'जिसके पाणि में चक्र है' – के लिए एक शब्द क्या है ?

(A) वीणापाणि (B) चक्रपाणि

(C) वज्रपाणि (D) प्रवासी

61. 'जान पर खेलना' मुहावरे का क्या अर्थ है ?

(A) बुरी तरह पराजित होना (B) न इधर का, न उधर का

(C) साहसिक कार्य करना (D) बुरी राय देना

62. 'योग न होने पर भी जो साथ रहे' – उसे क्या कहते हैं ?

(A) निरनुनासिक (B) विसर्ग

(C) अयोगवाह (D) इनमें से कोई नहीं

63. 'कवर्ग, चवर्ग, टवर्ग, तवर्ग, पवर्ग' – कौन व्यंजन हैं ?

(A) उष्म व्यंजन (B) अंतःस्थ व्यंजन

(C) संयुक्त व्यंजन (D) स्पर्श व्यंजन

64. 'उच्चारण' का संधि–विच्छेद क्या है ?

(A) उत् + चारण (B) उच + चारण

(C) उच्चा + रण (D) उच्चार + ण

65. 'म' का उच्चारण–स्थान क्या है ?

(A) दंत (B) ओष्ठ

(C) मूर्द्धा (D) कंठ

66. निम्न में से शुद्ध शब्द कौन है ?

(A) दधिची (B) पून्य

(C) अध्ययन (D) पृष्ट



BiharboardQuestionpaper.com

67. 'प्रशांत महासागर' कौन संज्ञा है ?

(A) जातिवाचक (B) भाववाचक

(C) द्रव्यवाचक (D) व्यक्तिवाचक

68. 'लज्जा' शब्द कौन लिंग है ?

(A) स्त्रीलिंग (B) पुंलिंग

(C) उभयलिंग (D) इनमें से कोई नहीं

69. 'जीभ' शब्द क्या है ?

(A) तत्सम (B) तद्भव

(C) देशज (D) विदेशज

70. 'उसने लड़कों को मिठाइयाँ दी' – यह किस कारक का उदाहरण है ?

(A) संप्रदानकारक (B) अपादानकारक

(C) संबंधकारक (D) अधिकरणकारक

71. 'उपनिवेश' शब्द का विशेषण क्या है ?

(A) उत्कृष्ट (B) औपनिवेशिक

(C) उपनिवेशी (D) उपनिवेशिक

72. 'रस्सी का टुकड़ा' शीर्षक पाठ में बटुआ लौटाने वाले को कितने इनाम की घोषणा की गई ?

(A) तीस फ्रेंक (B) चालीस फ्रेंक

(C) बीस फ्रेंक (D) पच्चीस फ्रेंक

73. 'क्लर्क की मौत' शीर्षक पाठ में क्लर्क का नाम क्या है ?

(A) तोल्सतोय (B) ब्रीजालोव



BiharboardQuestionpaper.com

(C) एंटोनी (D) इवान दमीत्रिच चेरव्यकोव

74. 'पेशगी' शीर्षक पाठ में छोटी बच्ची का नाम क्या था ?

(A) फ्रैंक्वा (B) जूली

(C) सिली (D) निकी

75. मलिक मुहम्मद जायसी के गुरु कौन थे ?

(A) नरहरि दास (B) शेष सनातन

(C) सूफी संत मोहिदी (D) रामानन्द

76. मलिक मुहम्मद जायसी कैसे कवि हैं ?

(A) प्रेम की पीर के (B) जागरूकता के

(C) शृंगार के (D) इनमें से कोई नहीं

77. सूरदास के दीक्षा गुरु कौन थे ?

(A) अच्युतानंद (B) शंकराचार्य

(C) विवेकाप्रभु (D) महाप्रभु वल्लभाचार्य

78. 'कनियाँ' का अर्थ क्या होता है ?

(A) गोद (B) आँचल

(C) कंधा (D) हथेली

79. सूरदास रचित पद मुख्यतः किस भाव के हैं ?

(A) रौद्र भाव के (B) वात्सल्य भाव के

(C) वीभत्स भाव के (D) शृंगार भाव के

80. पिता नंद की गोद में बैठकर बालक कृष्ण के भोजन करने का वर्णन सूर के किस पद में वर्णित है ?



BiharboardQuestionpaper.com

(A) प्रथम पद में (B) तृतीय पद में

(C) द्वितीय पद में (D) इनमें से कोई नहीं

81. तुलसीदास का मुँहबोला नाम क्या था ?

(A) श्यामबोला (B) मोहनबोला

(C) शाहबोला (D) रामबोला

82. तुलसीदास के दीक्षा गुरु का नाम क्या था ?

(A) नरहरि दास (B) शिवहरिदास

(C) गोवर्धन दास (D) प्रेमनारायण दास

83. 'रामलला नहछू' किस कवि की रचना है ?

(A) जायसी (B) तुलसीदास

(C) सूरदास (D) नाभादास

84. नाभादास रचित 'भक्तमाल' के 316 छप्पयों में कितने भक्तों के चरित वर्णित हैं ?

(A) दो सौ (B) चार सौ

(C) छह सौ (D) आठ सौ

85. छह पंक्तियों के गेय पद को क्या कहते हैं ?

(A) अनुष्टुप (B) छप्पय

(C) रोला (D) उल्लाला

86. कवि भूषण का जन्म किस वर्ष हुआ था ?

(A) 1613 ई0 (B) 1617 ई0

(C) 1618 ई0 (D) 1619 ई0

87. 'शिवराज भूषण' में कितने अलंकारों का निरूपण है ?



BiharboardQuestionpaper.com

(A) 108 अलंकारों का
(B) 105 अलंकारों का
(C) 107 अलंकारों का
(D) 109 अलंकारों का

88. 'करवाल' का अर्थ क्या होता है ?

(A) तीर
(B) धनुष
(C) तलवार
(D) भाला

89. जयशंकर प्रसाद रचित 'एक घूँट' नामक नाटक का रचनाकाल क्या है ?

(A) 1925 ई0
(B) 1924 ई0
(C) 1926 ई0
(D) 1928 ई0

90. 'कामायनी' महाकाव्य की नायिका का नाम क्या है ?

(A) श्रद्धा
(B) सुमन
(C) पुष्पलता
(D) प्रेमलता

91. कवयित्री सुभद्रा कुमारी चौहान के क्रास्थवेस्ट गर्ल्स स्कूल में कौन प्रसिद्ध कवयित्री ने प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त कीं ?

(A) अमृता प्रीतम
(B) महादेवी वर्मा
(C) मीराबाई
(D) सरोजिनी नायडू

92. "फिर भी कोई कुछ न कर सका
छिन ही गया खिलौना मेरा
मैं असहाय विवश बैठी ही
रही उठ गया छौना मेरा।" – यह पंक्ति किस कविता की है ?

(A) उषा
(B) पुत्र–वियोग
(C) हार–जीत
(D) अधिनायक



BiharboardQuestionpaper.com

93. ‘नया खून’ नामक पत्र का सम्पादन गजानन माधव मुक्तिबोध ने कहाँ से किया ?

(A) दुर्गापुर से (B) कानपुर से

(C) नागपुर से (D) बिलासपुर से

94. निम्न में से किस कवि ने प्रायः लंबी कविताएँ ही लिखीं हैं ?

(A) विनोद कुमार शुक्ल (B) अशोक वाजपेयी

(C) ज्ञानेंद्रपति (D) गजानन माधव मुक्तिबोध

95. ‘आत्महत्या के विरूद्ध’ शीर्षक कविता किसकी रचना है ?

(A) नाभादास की (B) जयशंकर प्रसाद की

(C) शमशेर बहादुर सिंह की (D) रघुवीर सहाय की

96. ‘अधिनायक’ शीर्षक कविता में, पूरब–पश्चिम से कौन आते हैं ?

(A) नंगे–बूचे नरकंकाल (B) फौजी

(C) नेता (D) दरबारी

97. विनोद कुमार शुक्ल की रचना ‘सब कुछ होना बचा रहेगा’ साहित्य की कौन विधा है?

(A) नाटक (B) कविता संग्रह

(C) उपन्यास (D) कहानी

98. निम्न में से किस कवि को 1992 ई0 में रघुवीर सहाय स्मृति पुरस्कार प्राप्त हुआ ?

(A) भूषण को (B) रामधारी सिंह दिनकर को

(C) विनोद कुमार शुक्ल को (D) महादेवी वर्मा को

99. कवि ज्ञानेंद्रपति द्वारा रचित ‘एकचक्रानगरी’ क्या है ?

(A) कविता संग्रह (B) कहानी संग्रह

(C) उपन्यास (D) काव्य नाटक



BiharboardQuestionpaper.com

100. 'गाँव का घर' शीर्षक कविता में टिकुली साटने के लिए किस पेड़ से छुड़ाई गई गोंद का गेह है ?

(A) सहजन के पेड़ से (B) कटहल के पेड़ से

(C) इमली के पेड़ से (D) इनमें से कोई नहीं

## खण्ड – ब

## विषयनिष्ठ प्रश्न

1. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिये : 1X8=8

(i) हिंदी दिवस

(ii) रक्षाबंधन

(iii) स्वच्छ भारत

(iv) गरीबी एक अभिशाप

(v) मेरे जीवन का लक्ष्य

(vi) वृक्षारोपण

2. निम्नलिखित में से किन्हीं दो अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या करें : 2X4=8

(i) ''और अब घर जाओ तो कह देना कि मुझे जो उसने कहा था वह मैंने कर दिया।''

(ii) ''व्यक्ति से नहीं हमें तो नीतियों से झगड़ा है, सिद्धांतो से झगड़ा है, कार्यों से झगड़ा है।''

(iii) ''प्रतिभट कटक कटीले केते काटि काटि,
कालिका सी कीलकि कलेऊ देति काल को।''

(iv) ''नाम लै भरै उदर एक प्रभु–दासी–दास कहाइ।''



BiharboardQuestionpaper.com

3. अपने प्रधानाचार्य के पास एक आवेदन–पत्र लिखें, जिसमें भाई की शादी में शामिल होने के लिए चार दिनों की छुट्‌टी का निवेदन किया गया हो। 1X5=5

अथवा

अपने पिता के पास एक पत्र लिखें, जिसमें पुस्तक खरीदने के लिए रूपए भेजने का निवेदन किया गया हो।

4. निम्नांकित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच के उत्तर दें – 5X2=10

(i) 'आर्ट ऑफ कनवरसेशन' क्या है ?

(ii) दिनकर जी का निधन कहाँ और किन परिस्थियों में हुआ ?

(iii) 'अर्धनारीश्वर' शीर्षक पाठ के लेखक कौन हैं और नारी की पराधीनता कब से आरंभ हुई ? लिखें।

(iv) गैंग्रीन क्या है ? 'रोज' शीर्षक पाठ के अनुसार लिखें।

(v) भगत सिंह की विद्यार्थियों से क्या अपेक्षाएँ हैं? 'एक लेख और एक पत्र' शीर्षक पाठ के अनुसार लिखें।

(vi) जायसी रचित कड़बक में 'रकत कै लेई' का क्या अर्थ है ? लिखें।

(vii) तुलसीदास रचित दोनों पदों में किस रस की व्यंजना हुई है ?

(viii) चातकी किसके लिए तरसती है ? 'तुमुल कोलाहल कलह में' शीर्षक कविता के अनुसार लिखें

(ix) माँ के लिए अपना मन समझाना कब कठिन होता है और क्यों ? 'पुत्र–वियोग' शीर्षक कविता के आधार पर लिखें।

(x) 'दानव दुरात्मा' से क्या अभिप्राय है ? 'जन–जन का चेहरा एक' शीर्षक कविता के अनुसार लिखें।



BiharboardQuestionpaper.com

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन का उत्तर दें : 3X5=15

(i) जीवन क्या है? इसका परिचय लेखक जे0 कृष्णमूर्ति ने किस रूप में दिया है ?

(ii) तिरिछ को जलाने गए लेखक उदय प्रकाश को पूरा जंगल परिचित लगता है, क्यों ?

(iii) लेखक मलयज अपने किस डर की बात करते हैं ? इस डर की खासियत क्या है ? पठित पाठ के अनुसार लिखें।

(iv) भारत के राष्ट्रगीत 'जन–गण–मन–अधिनायक जय हे' से 'अधिनायक' शीर्षक कविता का क्या संबंध है ? वर्णन करें।

(v) 'तुमुल कोलाहल कलह में' शीर्षक कविता का केन्द्रीय भाव क्या है ? संक्षेप में लिखें।

(vi) तुलसीदास रचित प्रथम पद का भावार्थ लिखें।

6. निम्नलिखित अवतरणों में से किसी एक का संक्षेपण कीजिए : 1X4=4

(i) ऋतुराज वसन्त के आगमन से ही शीत का भयंकर प्रकोप भाग गया। पतझड़ में पश्चिम–पवन ने जीर्ण–शीर्ण पत्तों को गिराकर लताकुंजों, पेड़ पौधों को स्वच्छ और निर्मल बना दिया। वसन्त के आगमन के साथ ही जैसे जीर्णता और पुरातन का प्रभाव तिरोहित हो गया है। प्रकृति के कण–कण में नये जीवन का संचार हो गया है। आम्रमंजरियों की भीनी गन्ध और कोयल का पंचम आलाप, भ्रमरों का गुंजन और कलियों की चटक, वनों और उद्यानों में शोभा का संचार–सब ऐसा लगता है जैसे जीवन में सुख ही सत्य है। आनन्द के इस एक क्षण का मूल्य पूरे जीवन को अर्पित करके भी नहीं चुकाया जा सकता।



BiharboardQuestionpaper.com

(ii) राष्ट्रीयता के विकास के लिए भाषा एक अत्यंत महत्त्वपूर्ण तत्त्व है। भाषा ही एक साधन है, जिसके द्वारा मानव अपने भावों को एक—दूसरे के सामने प्रकट करते हैं। जिस प्रकार पहाड़, नदी तथा समुद्र मनुष्य के आपस में मिलने—जुलने में रूकावट पैदा करते हैं, वैसे ही भाषा की भिन्नता मनुष्यों में पारस्परिक संबंध स्थापित करने में बाधक होती है। भाषा ही एक ऐसा साधन है, जिससे मनुष्य एक—दूसरे के समीप आ जाते हैं, उनमें घनिष्ठता स्थापित हो जाती है। यही कारण है कि एक भाषा बोलने वाले लोग परस्पर सहानुभूति रखते हैं।

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..



BiharboardQuestionpaper.com